**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ......................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

**J 1 4 1 0**

**Test Booklet No.**

Time : **1 1/4** hours]

# PAPER-II

# PUBLIC ADMINISTRATION

[Maximum Marks : **100**

| Number of Pages in this Booklet : **24** | Number of Questions in this Booklet : **50** |
|---|---|

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## PUBLIC ADMINISTRATION

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** 'Politics and Administration' by F. Goodnow

(A) further advances Wilsonian Theme

(B) contradicted the Wilsonian dichotomy

(C) supplemented Wilson's arguments

(D) although agreeing with Wilson's thesis offered new arguments.

**2.** 'Administration is politics since it must be responsive to the public interest.'

The above statement is attributed to

(A) L. Urwick

(B) J.M. Pfiffner

(C) P. H. Appleby

(D) L. Gullick

**3.** Which of the following is described as anti-theoretic, anti-positivist and anti-hierarchical ?

(A) Comparative Public Administration

(B) Development Administration

(C) New Public Administration

(D) Traditional Public Administration

**4.** Integration is considered as the best method of resolving conflicts according to

(A) Elton Mayo

(B) Urwick

(C) Mary Parker Follett

(D) Chris Argyris

**5.** The significance of secretariat can be high-lighted as

(A) it serves as a nucleus for a ministry

(B) indispensable for proper functioning of Govt.

(C) it facilitates inter-ministry co-ordination

(D) all the above

**6.** Which constitutional provision deals with adjudication of disputes relating to waters of inter-state or river-valleys ?

(A) Article 261 (B) Article 262

(C) Article 263 (D) Article 253

**7.** The National Development Council consists of

(A) The Prime Minister, the Chief Ministers of all the States and the members of the Planning Commission.

(B) The Prime Minister, the Chief Ministers of all the States, the Central Cabinet Ministers and the members of the Planning Commission.

(C) The Prime Minister, the Chief Ministers of all the States, selected Central Cabinet Ministers, Administrators of Union Territories and the members of the Planning Commission.

(D) The Prime Minister, all Union Cabinet Ministers, Chief Ministers of all the States, Administrators of Union Territories and the Members of the Planning Commission.

## लोक प्रशासन
## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** फ्रेंक गुडनाऊ की "पॉलिटिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन"

(A) विल्सन की मूल विषय वस्तु को और आगे बढ़ाया गया ।

(B) विल्सन के द्वि-विभाजन का प्रतिवाद किया गया ।

(C) विल्सन के तर्कों को पुष्ट किया गया ।

(D) विल्सन की स्थापना से सहमत होते हुए नए तर्क प्रस्तुत किये गये ।

**2.** प्रशासन राजनीति है, क्योंकि उसे लोक हित के प्रति संवेदनशील होना होता है । उपर्युक्त वक्तव्य किसका है ?

(A) एल. उर्विक

(B) जे.एम. पिफ़नर

(C) पी.एच. एपलबी

(D) एल. गुलिक

**3.** निम्नलिखित में से किसे सिद्धान्त विरोधी, गैर प्रत्यक्षवादी, पदानुक्रम विरोधी माना जाता है ?

(A) तुलनात्मक लोक प्रशासन

(B) विकास प्रशासन

(C) नव लोक प्रशासन

(D) परम्परागत लोक प्रशासन

**4.** निम्न में से किसके अनुसार संघर्षों के समाधान का सर्वोत्तम तरीका एकीकरण है ?

(A) एल्टन मेयो

(B) उर्विक

(C) मैरी पार्कर फौलेट

(D) क्रिस आर्गिरिस

**5.** सचिवालय के महत्त्व को निम्नत: उल्लेखित किया जा सकता है :

(A) मंत्रालय के एक केन्द्र के रूप में कार्य करना ।

(B) सरकार के सही कार्यकरण के लिए अपरिहार्य

(C) अन्तर-मंत्रालयिक समन्वय का सुविधादाता

(D) उपर्युक्त सभी ।

**6.** अन्तर्राज्यीय जल या नदी घाटी विवादों के अधिनिर्णय के लिए संविधान का कौन सा प्रावधान है ?

(A) अनुच्छेद 261

(B) अनुच्छेद 262

(C) अनुच्छेद 263

(D) अनुच्छेद 253

**7.** राष्ट्रीय विकास परिषद में सम्मिलित है

(A) प्रधानमन्त्री, सभी राज्यों के मुख्यमन्त्री तथा योजना आयोग के सदस्य ।

(B) प्रधानमन्त्री, सभी राज्यों के मुख्यमन्त्री, केन्द्रीय कैबिनेट मन्त्री और योजना आयोग के सदस्य ।

(C) प्रधानमन्त्री, सभी राज्यों के मुख्यमन्त्री, कुछ केन्द्रीय कैबिनेट मन्त्री तथा संघशासित क्षेत्रों के प्रशासक और योजना आयोग के सदस्य ।

(D) प्रधानमन्त्री, सभी केन्द्रीय कैबिनेट मन्त्री, सभी राज्यों के मुख्यमन्त्री, सभी केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासक और योजना आयोग के सदस्य ।

8. Which one of the following American President was assassinated due to the 'Spoils System' of Civil Service ?
   (A) Abraham Lincoln
   (B) Garefield
   (C) Robert Kennedy
   (D) George Washington

9. Which of the following is not applicable in Position-Classification ?
   (A) An individual employee having a clear understanding of his responsibilities and powers.
   (B) Better management and efficiency.
   (C) Equal pay for equal work.
   (D) Easy mobility of personnel from one position to another.

10. Which is not true about a No Confidence Motion ?
   (A) It is moved against the entire Council of Ministers.
   (B) It has to state the reasons for its adoption in Lok Sabha.
   (C) If passed by Lok Sabha, the Government has to resign.
   (D) It is moved for ascertaining confidence of Lok Sabha in Council of Ministers.

11. The Parliamentary Commissioner of U.K. is responsible
   (A) To study in depth all the bills placed before the Parliament.
   (B) To carry out the directions of the Speaker.
   (C) To look into grievances submitted by MPs
   (D) To maintain liaison with MPs.

12. Which is <u>not</u> the eligibility criteria to become a member of the Finance Commission ?
   (A) Wide public experience.
   (B) Specialised knowledge of finance.
   (C) Specialised knowledge of economics.
   (D) Experience as a judge of High Court.

13. Disinvestment policy of New Economic policy aims
   (i) to raise revenue from public sector units.
   (ii) to relieve the burden from public sector units.
   (iii) to encourage private sector.
   (iv) to avoid the criticisms of low profile of public sector undertakings.
   (A) (i) (ii) and (iii) are correct.
   (B) (i) and (iv) are correct.
   (C) (ii) and (iii) are correct.
   (D) (ii) and (iv) are correct.

14. The Chairman of the National Commission on Urbanisation is
   (A) C.M. Correa (B) Sam Pitroda
   (C) G.V.K. Rao (D) Yash Pal

15. Which was the first country to introduce the 'Right to Information' ?
   (A) Canada (B) Japan
   (C) Sweden (D) U.S.A.

16. Under which of the following Articles of the Constitution of India, do the State Legislatives delegate powers and functions to the Panchayats ?
   (A) 243 and 243 A
   (B) 243 A and 243 B
   (C) 243 G and 243 H
   (D) 243 D and 243 F

**8.** ‘लोकसेवा में लूट प्रणाली’ के कारण अमेरिका में निम्न में से कौन से राष्ट्रपति की हत्या कर दी गई थी ?

(A) अब्राहम लिंकन
(B) गैरीफील्ड
(C) रॉबर्ट केनेडी
(D) जॉर्ज वॉशिंग्टन

**9.** पद वर्गीकरण में निम्न में से कौन सा लागू नहीं होता है ?

(A) एक कर्मचारी जिसे अपने दायित्वों और शक्तियों की स्पष्ट समझ हो ।
(B) बेहतर प्रबन्ध और कुशलता ।
(C) समान कार्य के लिए समान वेतन ।
(D) कार्मिकों की एक पद से दूसरे पद पर आसान गतिशीलता ।

**10.** अविश्वास प्रस्ताव के लिए निम्न में से कौन सा सही नहीं है ?

(A) यह सम्पूर्ण मंत्रि परिषद के विरुद्ध लाया जाता है ।
(B) इसे लोकसभा में स्वीकार किये जाने के कारणों का उल्लेख करना चाहिए ।
(C) यदि लोकसभा पारित कर दे तो सरकार को त्यागपत्र देना होगा ।
(D) इसे मंत्रि परिषद में लोकसभा के विश्वास को सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तुत किया जाता है ।

**11.** यू.के. का पार्लियामेन्ट्री कमिशनर उत्तरदायी है

(A) संसद के समक्ष पेश किये जाने वाले सभी विधेयकों का गहरा अध्ययन ।
(B) स्पीकर के निर्देशों को लागू करना ।
(C) संसद सदस्यों द्वारा प्रस्तुत अभाव अभियोगों को देखना ।
(D) संसद सदस्यों के साथ सम्पर्क रखना ।

**12.** वित्त आयोग का सदस्य बनने के लिए निम्न में से कौन सा योग्यता मापदण्ड नहीं है :

(A) व्यापक सार्वजनिक अनुभव ।
(B) वित्त का विशिष्ट ज्ञान ।
(C) अर्थशास्त्र का विशिष्ट ज्ञान ।
(D) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अनुभव ।

**13.** नयी आर्थिक नीति की विनिवेश नीति का लक्ष्य है

(i) लोक क्षेत्र की इकाइयों से राजस्व वृद्धि करना ।
(ii) लोक क्षेत्र की इकाइयों का भार कम करना ।
(iii) निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना ।
(iv) लोक उपक्रमों की निम्न पार्श्विका की आलोचना से बचना ।

(A) (i), (ii) और (iii) सही हैं ।
(B) (i) और (iv) सही हैं ।
(C) (ii) और (iii) सही हैं ।
(D) (ii) और (iv) सही हैं ।

**14.** राष्ट्रीय नगरीकरण आयोग का अध्यक्ष है

(A) सी.एम. कॉरिया
(B) सैम पित्रोदा
(C) जी.वी.के. राव
(D) यशपाल

**15.** निम्नलिखित देशों में से सर्वप्रथम ‘सूचना का अधिकार’ किसने लागू किया ?

(A) कनाडा
(B) जापान
(C) स्वीडन
(D) यू.एस.ए.

**16.** भारत के संविधान के निम्न में से कौन से अनुच्छेदों के अधीन राज्य विधान-मण्डल पंचायतों को शक्तियों तथा कार्यों का प्रत्यायोजन करते हैं ?

(A) 243 तथा 243 A
(B) 243 A तथा 243 B
(C) 243 G तथा 243 H
(D) 243 D तथा 243 F

**17.** Which one is not the function of Union Finance Commission ?

(A) Distribution of Plan Grants

(B) Distribution of net proceeds of taxes

(C) Distribution of Non-Plan Grants

(D) Measures to augment resources of Municipalities.

**18.** Which is not true about C & AG of India ?

(A) Appointed by President by warrant under his hand

(B) Take an oath according to form set out for the purpose in the fourth ($IV^{th}$) schedule.

(C) Not eligible for further office after he has ceased to hold office.

(D) The administrative expenses for his office are charged upon Consolidated Fund of India.

**19.** Which of the following is not the essential feature of 'Writs' issued by the Courts ?

(A) Writ jurisdiction of High Courts is wider than that of Supreme Court.

(B) Parliament under Article 32 cannot empower any other court (other than Supreme Court and High Court) to issue writs.

(C) Supreme Court can issue writs for enforcement of Fundamental Rights.

(D) High Court can issue writs for enforcement of Fundamental Rights.

**20.** Which one in the following is not the component of New Public Management ?

(A) Delivery of high quality services.

(B) Rigorous performance measures of individuals.

(C) Managerial support services to facilitate achievement.

(D) To formulate welfare policies of the Government.

Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Examine these two statements carefully and state if the Assertion (A) and the Reason (R) are individually true and if so, whether the Reason is a correct explanation of Assertion :

Select the correct answer from the codes given below the question.

**21.** **Assertion (A) :** There are many differences between public administration and private administration.

**Reason (R) :** These differences are because of working system of the organisations.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

**17.** निम्न में से कौन सा कार्य संघ वित्त आयोग का नहीं है ?

(A) योजना अनुदान का वितरण ।

(B) करों के सकल संग्रह का वितरण ।

(C) गैर योजना अनुदान का वितरण ।

(D) नगरपालिकाओं के संसाधनों को बढ़ाने के उपाय ।

**18.** भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के बारे में निम्न में से क्या सही नहीं है ?

(A) राष्ट्रपति द्वारा उनकी हस्ताक्षरयुक्त घोषणा से नियुक्त होता है ।

(B) चतुर्थ अनुसूची में इस निमित्त निर्धारित प्रपत्र के अनुसार शपथ लेता है ।

(C) सेवानिवृत्ति के पश्चात किसी पद को धारण करने के लिए अपात्र ।

(D) उसके कार्यालय का प्रशासनिक व्यय भारत की संचित निधि पर भारित होता है ।

**19.** निम्नलिखित में से किसमें न्यायालय द्वारा जारी 'रिटों' की अनिवार्य विशेषता नहीं है ?

(A) उच्च न्यायालयों का रिट क्षेत्राधिकार, उच्चतम न्यायालय से व्यापक है ।

(B) अनुच्छेद 32 के अधीन संसद रिट जारी करने के लिए किसी अन्य न्यायालय (उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय से भिन्न) को शक्ति प्रदान नहीं कर सकती है ।

(C) उच्चतम न्यायालय मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए रिट जारी कर सकता है ।

(D) उच्च न्यायालय मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए रिट जारी कर सकता है ।

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा नवीन लोक प्रबंधन का घटक नहीं है ?

(A) उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्रदान करना ।

(B) व्यक्तियों के लिए कठोर कार्य-निष्पादन मानदण्ड ।

(C) उपलब्धि को सुगम बनाने के लिए प्रबंधकीय समर्थक सेवाएँ ।

(D) सरकार की कल्याणकारी नीतियाँ तैयार करना ।

नीचे दो वक्तव्य दिये गए हैं, जिसमें से एक को कथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) कहा गया है । दोनों वक्तव्यों का ध्यानपूर्वक परीक्षण कीजिए तथा बताइए कि क्या कथन (A) तथा तर्क (R) वैयक्तिक रूप से सही है तथा क्या तर्क, कथन का स्पष्टीकरण है ।

प्रश्न के नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**21.** **अभिकथन (A)** : सरकारी प्रशासन और प्राइवेट प्रशासन के बीच कई भिन्नताएँ हैं ।

**तर्क (R)** : ये भिन्नताएँ संगठनों की कार्य प्रणाली के कारण हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

22. **Assertion (A) :** Relationship between the superior and subordinate is not essential in hierarchy.

**Reason (R) :** Delegation of authority is possible in hierarchy.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

23. **Assertion (A) :** Restrictions on political activities of Public employees are in their own interests.

**Reason (R) :** Neutrality of civil servants ensures that all of them are treated alike.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

24. **Assertion (A) :** Civil servants in the developing countries need to be trained in the art and science of Public Administration.

**Reason (R) :** Training in the art and science of Public Administration is involving huge expenditure in the developing countries.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

25. **Assertion (A) :** A Public Corporation is essentially accountable to the Legislature.

**Reason (R) :** Legislature is the custodian of public finances.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

22. **अभिकथन (A)** : पदानुक्रम में यह आवश्यक नहीं है कि वरिष्ठ और अधीनस्थ के बीच संबंध हों ।

**तर्क (R)** : पदानुक्रम में प्राधिकार का प्रत्यायोजन संभव है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

23. **अभिकथन (A)** : सरकारी कर्मचारियों के राजनीतिक क्रियाकलापों पर प्रतिबंध उन्हीं के हित में है ।

**तर्क (R)** : लोकसेवकों की तटस्थता यह सुनिश्चित करती है कि उन सभी को एकसमान समझा जाता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

24. **अभिकथन (A)** : विकासशील देशों के सिविल सेवकों को लोक प्रशासन की कला और विज्ञान का प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है ।

**तर्क (R)** : लोक प्रशासन की कला और विज्ञान का प्रशिक्षण पर विकासशील देशों में भारी व्यय किया जाता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

25. **अभिकथन (A)** : सरकारी निगम, विधानपालिका के प्रति अनिवार्यत: उत्तरदायी होता है ।

**तर्क (R)** : विधानपालिका सरकारी वित्त व्यवस्थाओं की संरक्षक होती है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

26. **Assertion (A) :** Indian Public Administration is an excellent example of efficiency and sensitivity.

**Reason (R) :** Government has many a time made efforts for administrative reforms and rejuvenation.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

27. **Assertion (A) :** The Government raises funds by public borrowings, leving fresh taxes and duties for economic and social growth.

**Reason (R) :** Dis-investment in public enterprises since 1991 has not generated sufficient funds.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

28. **Assertion (A) :** People want to know what is being done, why it is being done and how it is being done in their district.

**Reason (R) :** The district administration holds a different view about transparency and accountability.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

29. **Assertion (A) :** New Public Management is nothing but debureaucratization.

**Reason (R) :** The public services and market economy are closely linked to one another.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation.

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

26. **अभिकथन (A)** : भारतीय लोक प्रशासन दक्षता और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है ।

**तर्क (R)** : सरकार ने प्रशासनिक सुधार और नवीकरण के लिए कई बार प्रयास किए हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

27. **अभिकथन (A)** : सरकार सार्वजनिक ऋणदान द्वारा, नये कर और शुल्क लगाकर आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए निधि एकत्र करती है ।

**तर्क (R)** : सरकारी उद्यमों में वर्ष 1991 से विनिवेश करने से पर्याप्त निधि एकत्र नहीं हुई है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

28. **अभिकथन (A)** : लोग यह जानना चाहते हैं कि उनके जिले में क्या किया जा रहा है, क्यों किया जा रहा है और कैसे किया जा रहा है ?

**तर्क (R)** : जिला प्रशासन पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के बारे में भिन्न दृष्टिकोण रखता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

29. **अभिकथन (A)** : नवीन लोक प्रबंधन और कुछ नही अपितु गैर-नौकरशाही करण है ।

**तर्क (R)** : लोक सेवा और विपणन अर्थव्यवस्था एक दूसरे के अभिन्न अंग हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**30.** Arrange the following in their chronological order. Use the following code :

(i) National Extension Service.

(ii) Community Development Programme.

(iii) Integrated Rural Development Programme.

(iv) Antyodaya.

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (ii), (iii), (i), (iv)

(C) (ii), (i), (iv), (iii)

(D) (ii), (i), (iii), (iv)

**31.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Lyndall Urwick | (i) General Principles of Administration |
| (b) P.H. Appleby | (ii) The Golden Book of Administration |
| (c) Herbert Simon | (iii) Big Democracy |
| (d) Henry Fayol | (iv) New Science of Management |
| | (v) Work and Nature of Man |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |

**32.** Arrange the following in their chronological order. Use the code given below :

(i) Committee on Administrative arrangement for Rural Development and Poverty Alleviation Programmes (GVK Rao).

(ii) Committee on Revitalisation of Panchayati Raj institutions for Democracy and Development (LM Singhvi)

(iii) Committee on Block-Level Planning (Dantwala)

(iv) Committee on District Planning (Hanumantha Rao)

**Codes :**

(A) (i), (ii), (iv), (iii)

(B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (iii), (i), (ii), (iv)

(D) (iii), (ii), (i), (iv)

**33.** Arrange the following stages in the evolution of Public Administration as a discipline in chronological order.

Select the correct answer from the code given below :

(i) Administrative Behaviour

(ii) Principles approach

(iii) Public Policy approach

(iv) Politics-administration dichotomy

(v) Ecological approach

**Codes :**

(A) (iv), (i), (ii), (v), (iii)

(B) (iv), (ii), (i), (v), (iii)

(C) (iv), (ii), (i), (iii), (v)

(D) (iv), (i), (ii), (iii), (v)

30. निम्नांकित को उनके कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए । निम्नांकित कूटों का प्रयोग करें :

(i) राष्ट्रीय विस्तार सेवा ।

(ii) सामुदायिक विकास कार्यक्रम ।

(iii) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम ।

(iv) अंत्योदय

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (ii), (iii), (i), (iv)

(C) (ii), (i), (iv), (iii)

(D) (ii), (i), (iii), (iv)

31. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये । नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | लिंडल उरविक | (i) | जनरल प्रन्सिपल्स ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन |
| (b) | पी.एच. एप्पलबी | (ii) | दी गोल्डन बुक ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन |
| (c) | हर्बर्ट साइमन | (iii) | बिग डेमोक्रेसी |
| (d) | हेनरी फेयॉल | (iv) | न्यु साइंस ऑफ मैनेजमेंट |
| | | (v) | वर्क एण्ड नेचर ऑफ मैन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |

32. निम्नांकित को उनके कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए । नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग कीजिये :

(i) ग्रामीण विकास एवं गरीबी निर्मूलन कार्यक्रम प्रशासनिक व्यवस्था समिति (जी.वी.के.राव)

(ii) प्रजातन्त्र एवं विकास के लिये पंचायती राज संस्था पुन:जीवीकरण समिति (एल.एम. सिंघवी)

(iii) खंड-स्तरीय नियोजन समिति (दंतेवाला)

(iv) जिला नियोजन समिति (हनुमंता राव)

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iv), (iii)

(B) (iii), (iv), (i), (ii)

(C) (iii), (i), (ii), (iv)

(D) (iii), (ii), (i), (iv)

33. एक विषय के रूप में लोक प्रशासन की निम्नलिखित अवस्थाओं को कालानुक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिए । नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) प्रशासनिक व्यवहार

(ii) सैद्धांतिक उपागम

(iii) लोकनीति उपागम

(iv) राजनीति-प्रशासन द्विभाजन

(v) पारिस्थितिक उपागम

**कूट :**

(A) (iv), (i), (ii), (v), (iii)

(B) (iv), (ii), (i), (v), (iii)

(C) (iv), (ii), (i), (iii), (v)

(D) (iv), (i), (ii), (iii), (v)

34. Arrange the following in their chronological order. Select the right answer from the code given below :
(i) Shop Management
(ii) Human side of Enterprise
(iii) Ecology of Public Administration
(iv) Administrative Behaviour

**Codes :**
(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (ii), (iii), (i), (iv)
(C) (iii), (i), (ii), (iv)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

35. Arrange the following steps in decision-making process in chronological order :
Select the correct answer from the code given below :
(i) Stating the best course of action.
(ii) Evaluating tentative decisions.
(iii) Acquiring different viewpoints.
(iv) Investigating tentative decisions.
(v) Instituting follow-up action

**Codes :**
(A) (iv), (i), (iii), (v), (ii)
(B) (i), (iii), (iv), (ii), (v)
(C) (iii), (i), (iv), (ii), (v)
(D) (iii), (iv), (i), (ii), (v)

36. Arrange the following in a chronological sequence using the codes given below :
(i) Administrative Reforms Commission.
(ii) Gorwala Committee Report.
(iii) Gopalaswamy Aiyangar Committee Report
(iv) Paul H. Appleby Report

**Codes :**
(A) (ii), (iv), (i), (iii)
(B) (iii), (ii), (iv), (i)
(C) (i), (ii), (iv), (iii)
(D) (iv), (ii), (iii), (i)

37. The classification of accounting structure in India is adopted in the following sequence : Select the correct answer from the code given below :

1. Major Head
2. Sub Head
3. Minor Head
4. Detailed Head
5. Sectoral Head

**Codes :**
(A) 5, 1, 3, 2, 4
(B) 1, 5, 2, 4, 3
(C) 4, 1, 5, 2, 3
(D) 2, 3, 4, 1, 5

38. Which one is the correct sequence for Budget preparations ? Select the answer from the codes given below :

(i) Scrutiny by Controlling Officers.
(ii) Scrutiny by Ministry of Finance.
(iii) Scrutiny by Estimates Committee.
(iv) Scrutiny by Administrative Ministry.

**Codes :**
(A) (i), (ii), (iii), (iv)
(B) (i), (iv), (ii), (iii)
(C) (iv), (i), (ii), (iii)
(D) (i), (iii), (ii), (iv)

**34.** निम्न को उनके कालानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें । नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें :

(i) शॉप मैनेजमेण्ट

(ii) ह्यूमन साइड ऑफ एन्टरप्राइज़

(iii) इकोलोज़ी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन

(iv) एडमिनिस्ट्रेटिव बिहेवियर

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (ii), (iii), (i), (iv)

(C) (iii), (i), (ii), (iv)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

**35.** निर्णय लेने की प्रक्रिया में निम्नलिखित चरणों को कालानुक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिए । नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) सर्वोत्तम कार्रवाई शुरू करना ।

(ii) संभावित निर्णयों का मूल्यांकन ।

(iii) भिन्न दृष्टिकोणों को अपनाना ।

(iv) संभावित निर्णयों की जाँच ।

(v) अनुवर्ती कार्रवाई की जाँच ।

**कूट :**

(A) (iv), (i), (iii), (v), (ii)

(B) (i), (iii), (iv), (ii), (v)

(C) (iii), (i), (iv), (ii), (v)

(D) (iii), (iv), (i), (ii), (v)

**36.** नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित को कालाक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) प्रशासनिक सुधार आयोग

(ii) गोरवाला समिति की रिपोर्ट

(iii) गोपालस्वामी अयंगर समिति रिपोर्ट

(iv) पॉल एच. एप्पलबी रिपोर्ट

**कूट :**

(A) (ii), (iv), (i), (iii)

(B) (iii), (ii), (iv), (i)

(C) (i), (ii), (iv), (iii)

(D) (iv), (ii), (iii), (i)

**37.** भारत में लेखांकन ढांचे का वर्गीकरण निम्नलिखित अनुक्रम में अपनाया जाता है । दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. मुख्य शीर्ष

2. उप शीर्ष

3. लघु शीर्ष

4. विस्तृत शीर्ष

5. क्षेत्रीय शीर्ष

**कूट :**

(A) 5, 1, 3, 2, 4

(B) 1, 5, 2, 4, 3

(C) 4, 1, 5, 2, 3

(D) 2, 3, 4, 1, 5

**38.** बजट तैयार करने का सही क्रम क्या है ? नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) नियंत्रण अधिकारियों द्वारा संवीक्षा ।

(ii) वित्त मंत्रालय द्वारा संवीक्षा ।

(iii) प्राक्कलन समिति द्वारा संवीक्षा ।

(iv) प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा संवीक्षा ।

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (i), (iv), (ii), (iii)

(C) (iv), (i), (ii), (iii)

(D) (i), (iii), (ii), (iv)

**39.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Experiments)** | **List – II (Focus)** |
|---|---|
| (a) Illumination experiments | (i) Fatigue |
| (b) Relay Assembly Test Room experiments | (ii) Physical working |
| (c) Bank wiring Observation Room experiments | (iii) Human Relations |
| (d) Interviewing programmes | (iv) Employee relations with supervisor and management |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**40.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Zone of acceptance | (i) Herzberg |
| (b) Differential piece rate plan | (ii) Bernard |
| (c) Zone of indifference | (iii) Taylor |
| (d) Y. Theory | (iv) Herbert Simon |
| | (v) Abraham Maslow |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**41.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Commissions / Position of The Union of India)** | **List – II (Article under the Constitution of India)** |
|---|---|
| (a) Finance Commission | (i) 148 |
| (b) Union Public Service Commission | (ii) 280 |
| (c) Election Commission | (iii) 315 |
| (d) Comptroller and Auditor General of India | (iv) 324 |
| | (v) 156 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (v) | (iv) | (iii) |

**42.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Santhanam Committee | (i) Centre-State Relations |
| (b) Sarkaria Committee | (ii) Higher Education reforms |
| (c) Satish Chandra Committee | (iii) To prevent corruption |
| (d) Yashpal Committee | (iv) Civil Service reforms |
| | (v) Health Reform |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**39.** सूची – I से सूची – II का मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची - I (परीक्षण) | | सूची - II (फोकस) |
|---|---|---|---|
| (a) | इलिअमिनेश परीक्षण | (i) | थकावट |
| (b) | रिले एसेंबली परख कक्ष परीक्षण | (ii) | शारीरिक कार्य |
| (c) | बैंक वायरिंग प्रेक्षण कक्ष परीक्षण | (iii) | मानव संबंध |
| (d) | साक्षात्कार कार्यक्रम | (iv) | पर्यवेक्षक और प्रबंधन के साथ कर्मचारियों के संबंध |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**40.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिये तथा दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| (a) | स्वीकार्यता का क्षेत्र | (i) | हर्ज़बर्ग |
| (b) | विभेदी अंश दर योजना | (ii) | बर्नार्ड |
| (c) | उदासीनता का क्षेत्र | (iii) | टेलर |
| (d) | वाई (Y) सिद्धान्त | (iv) | हरबर्ट साइमन |
| | | (v) | एब्राहम मॉस्लो |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**41.** सूची – I से सूची – II का मिलान कीजिये तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | सूची – I (आयोग / भारत संघ की स्थिति) | | सूची – II (भारत के संविधान का अनुच्छेद) |
|---|---|---|---|
| (a) | वित्त आयोग | (i) | 148 |
| (b) | संघ लोक सेवा आयोग | (ii) | 280 |
| (c) | निर्वाचिन आयोग | (iii) | 315 |
| (d) | भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक | (iv) | 324 |
| | | (v) | 156 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (v) | (iv) | (iii) |

**42.** सूची-I से सूची-II का मिलान कीजिये तथा प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| (a) | संथानम समिति | (i) | केन्द्र-राज्य सम्बन्ध |
| (b) | सरकारिया समिति | (ii) | उच्च शिक्षा सुधार |
| (c) | सतीश चन्द्रा समिति | (iii) | भ्रष्टाचार को रोकना |
| (d) | यशपाल समिति | (iv) | असैनिक सेवा सुधार |
| | | (v) | स्वास्थ्य सुधार |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

43. Match List – I with List – II and select the correct answer from the given codes :

| List – I (Positions) | List – II (Article) |
|---|---|
| (a) Constitutional position of the Governor | (i) Article 52 |
| (b) Constitutional position of Chairman of Rajya Sabha | (ii) Article 153 |
| (c) Constitutional position of Vice President | (iii) Article 63 |
| (d) Constitutional position of President | (iv) Article 93 |
| | (v) Article 89 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (B) | (ii) | (v) | (iv) | (ii) |
| (C) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |

44. Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Tenure of office of persons serving in the Union or a State. | (i) Article 315 |
| (b) Public Service Commission for the Union and for the States. | (ii) Article 310 |
| (c) Recruitment and conditions of service of persons serving in the Union or a State. | (iii) Article 312 |
| (d) Dismissal, removal or reduction in the rank of persons employed in civil capacity under the Union or a State. | (iv) Article 309 |
| | (v) Article 311 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iv) | (i) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (v) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (D) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |

43. सूची – I से सूची – II का मिलान कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I (पद) | | सूची – II (अनुच्छेद) |
|---|---|---|
| (a) | राज्यपाल का सांविधानिक पद | (i) अनुच्छेद 52 |
| (b) | राज्य सभा के अध्यक्ष का सांविधानिक पद | (ii) अनुच्छेद 153 |
| (c) | उप राष्ट्रपति का सांविधानिक पद | (iii) अनुच्छेद 63 |
| (d) | राष्ट्रपति का सांविधानिक पद | (iv) अनुच्छेद 93 |
| | | (v) अनुच्छेद 89 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (B) | (ii) | (v) | (iv) | (ii) |
| (C) | (v) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |

44. सूची-I से सूची-II का मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | सूची – I | सूची – II |
|---|---|---|
| (a) | संघ या राज्यों में सेवारत कर्मचारियों का कार्यकाल | (i) अनुच्छेद 315 |
| (b) | संघ और राज्यों के लोक सेवा आयोग | (ii) अनुच्छेद 310 |
| (c) | संघ और राज्यों में सेवारत कर्मचारियों की भर्ती और सेवा की शर्तें | (iii) अनुच्छेद 312 |
| (d) | संघ या किसी राज्य में नियोजित कर्मचारियों की बर्खास्तगी, उन्हें सेवा से हटाना या उनका ओहदा घटाना | (iv) अनुच्छेद 309 |
| | | (v) अनुच्छेद 311 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iv) | (i) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (v) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (D) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |

**45.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Ashok Mehta | (i) Zila Parishad to play pivotal role |
| (b) G.V.K. Rao | (ii) Two tier system |
| (c) L.M. Singhvi | (iii) Panchayat Samiti to be the executive body |
| (d) Balvant Rai Mehta | (iv) Setting up of Nyay Panchayats |
| | (v) Constitutionalization of Panchayati Raj |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (v) | (iii) |
| (C) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (v) |

**46.** Match List – I with List – II. Select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Bhoodan Movement | (i) 1986 |
| (b) Drought-Prone Area Programme | (ii) 1978 |
| (c) Integrated Rural Development Programme | (iii) 1970 |
| (d) Indira Aawaas Yojna | (iv) 1951 |
| | (v) 1981 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

Read the passage below and answer the questions that follow based on your understanding of the passage : (**47 – 50**)

The Indian Constitution makes the provision for the appointment of the Chairman and members of the UPSC. It states that the Chairman and members will be appointed by the President of India. As the President is only the nominal head of the government, these appointments are, in reality, made by the Prime Minister and his cabinet. The exact strength of the Commission is not specified in the Constitution. The President determines its strength. Over the years, the Commission's membership has increased, depending on the workload.

The Constitution provides that, as nearly as may be, one-half of the members must be persons who have held office for at least ten years under the Government of India. The expression 'as nearly as may be, one-half' in Article 316 indicates only approximation and cannot be read as equivalent to not more than half.

The Administrative Reforms Commission, in its report on Personnel Administration, had recommended that the Chairman of UPSC should be consulted while making appointments of members of the Commission, and besides, he should be consulted by the Government even with regard to the appointment of his successor. Stressing the value of the 'experience factor', the ARC had suggested that not less than two-thirds of the members of UPSC should be drawn from among the Chairmen and members of State Public Service Commissions.

**45.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | अशोक मेहता | (i) | जिला परिषद को प्रमुख भूमिका निभानी है । |
| (b) | जी.वी.के. राव | (ii) | द्विस्तरीय व्यवस्था |
| (c) | एल.एम. सिंघवी | (iii) | पंचायत समिति को प्रमुख कार्यकारी निकाय होना |
| (d) | बलवन्त राय मेहता | (iv) | न्याय पंचायतों की स्थापना |
| | | (v) | पंचायती राज का संवैधानिकरण |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (ii) | (v) | (iii) |
| (C) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (v) |

**46.** सूची – I को सूची – II से मिलान कीजिए तथा दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | भूदान आन्दोलन | (i) | 1986 |
| (b) | सूखा-संभावित क्षेत्र कार्यक्रम | (ii) | 1978 |
| (c) | समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम | (iii) | 1970 |
| (d) | इन्दिरा आवास योजना | (iv) | 1951 |
| | | (v) | 1981 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

निम्न परिच्छेद को पढ़िए तथा आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर इस परिच्छेद की अपनी जानकारी के आधार पर दीजिए : (**47 – 50**)

भारत के संविधान में संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान है । इसमें उल्लेख किया गया है कि अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी । क्योंकि राष्ट्रपति सरकार के नाममात्र के अध्यक्ष हैं, इसलिए ये नियुक्तियाँ वास्तव में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल द्वारा की जाती हैं । आयोग के सदस्यों की वास्तविक संख्या का उल्लेख संविधान में नहीं किया गया है । राष्ट्रपति इनकी संख्या तय करते हैं । विगत वर्षों में कार्य की मात्रा के आधार पर आयोग के सदस्यों की संख्या में वृद्धि हो गई है ।

संविधान में प्रावधान किया गया है कि सदस्यों की लगभग आधी संख्या ऐसे व्यक्तियों की होगी, जिन्होंने भारत सरकार में कम से कम दस वर्ष सेवा की हो । अनुच्छेद 316 में उल्लिखित "लगभग आधी संख्या" की अभिव्यक्ति से तात्पर्य केवल अनुमानित संख्या से है और इसे 'आधे से अधिक नहीं' के बराबर नहीं पढ़ा जा सकता है ।

प्रशासनिक सुधार आयोग ने कार्मिक प्रशासन संबंधी अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति करते समय संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष से परामर्श किया जाना चाहिए । इसके अलावा उसके उत्तरवर्ती की नियुक्ति के संबंध में भी सरकार द्वारा उनसे परामर्श किया जाना चाहिए । 'अनुभव के कारक' के महत्त्व पर बल देते हुए प्रशासनिक सुधार आयोग ने सुझाव दिया था कि संघ लोक सेवा आयोग के कम से कम दो तिहाई सदस्य, राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों और सदस्यों में से लिए जाने चाहिए ।

The Constitution explains the grounds on which the members of the Commission can be removed or suspended by the President. When a member is to be removed on grounds of misbehaviour, the President has to refer the matter to the Supreme Court for enquiry.

The Supreme Court sends its verdict to the President and the latter is bound by this advice. If the Court advises removal, the President can remove the Chairman or a member. While the enquiry is going on, the President can remove the Chairman or a member on these grounds too : (i) if he is adjudged insolvent, (ii) if he engages in paid employment outside the duties of his office during his tenure, and (iii) if he is unfit by reason of infirmity of body and mind.

Besides, if the Chairman or a member becomes concerned or interested in any contract or agreement made by or on behalf of the Government of India and participates in any way in the profit, benefit or emoluments therefrom, otherwise than as a member, he shall be deemed guilty of misbehaviour. In cases of misbehaviour alone, the matter is referred to the Supreme Court so that the Commission is immune from political pressures. However, the Constitution does not elaborate the categories of acts falling under 'misbehaviour.' So far, no Chairman or member of the Commission has been removed on this ground.

**47.** Under which Article of the Constitution, the Chairman of UPSC is appointed ?

(A) 311 (B) 315

(C) 316 (D) 309

**48.** Point-out the option which prescribes the eligibility of appointment for the members of UPSC.

(A) 50% of the members having held the office for at least 10 years under the Government of India.

(B) 50% members having held the office for at least 15 years under the Government of India.

(C) As nearly as may be ½ having served for at least 10 years under the Government of India.

(D) As nearly as may be ½ having served for at least 15 years under the Government of India.

**49.** The procedure for initiating an enquiry against the members of the Commission has been prescribed in the Constitution under Article :

(A) 143 (B) 144

(C) 145 (D) 146

**50.** On what ground, President of India can remove a member of the Commission.?

(A) Engaged in paid employment elsewhere

(B) Infirmity of body and mind

(C) Adjudged as insolvent

(D) All the above

संविधान में उन आधारों को भी स्पष्ट किया गया है, जिनके कारण राष्ट्रपति द्वारा आयोग के सदस्यों को हटाया या निलंबित किया जा सकता है । यदि किसी सदस्य को दुर्व्यवहार के कारण हटाया जाता है, तो राष्ट्रपति द्वारा यह मामला जाँच के लिए उच्चतम न्यायालय को भेजना होगा । उच्चतम न्यायालय राष्ट्रपति को अपना अभिनिर्णय भेजता है और राष्ट्रपति को उसकी सलाह माननी पड़ती है । यदि न्यायालय अध्यक्ष या किसी सदस्य को हटाने की सलाह देता है, तो राष्ट्रपति अध्यक्ष या उस सदस्य को हटा सकते हैं । जब जाँच चल रही हो उस समय भी राष्ट्रपति इस आधार पर अध्यक्ष या किसी सदस्य को हटा सकते हैं : (i) यदि उसे दिवालिया घोषित किया गया हो, (ii) यदि वह अपने कार्यकाल के दौरान अपने पद के दायित्वों के अलावा किसी वैतनिक रोजगार में लगा हो और (iii) यदि वह शारीरिक और मानसिक विकृति के कारण अयोग्य हो जाता है ।

इसके साथ-साथ यदि अध्यक्ष या कोई सदस्य भारत सरकार द्वारा या उसकी ओर से निष्पादित किसी संविदा या करार से संबद्ध या हितबद्ध हों और एक सदस्य की हैसियत से भिन्न हैसियत से उससे होने वाले लाभ, हितलाभ या परिलब्धियों में किसी प्रकार का भागीदार हो तो उसे दुर्व्यवहार का दोषी समझा जाएगा । दुर्व्यवहार के ऐसे मामलों में ही यह मामला उच्चतम न्यायालय को भेजा जाएगा, ताकि आयोग पर कोई राजनीतिक दबाव न पड़े । लेकिन संविधान में 'दुर्व्यवहार' के अंतर्गत आने वाले कृत्यों की श्रेणियों का उल्लेख नहीं किया गया है । अभी तक इस आधार पर आयोग के किसी अध्यक्ष या सदस्य को नहीं हटाया गया है ।

**47.** संविधान के किस अनुच्छेद के अधीन संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है ?

(A) 311 (B) 315
(C) 316 (D) 309

**48.** निम्न में से उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की पात्रता का उल्लेख किया गया है :

(A) 50 प्रतिशत सदस्य ऐसे होंगे जिन्होंने भारत सरकार के अधीन कम से कम 10 वर्ष तक सेवा की हो ।
(B) 50 प्रतिशत सदस्य ऐसे होंगे जिन्होंने भारत सरकार के अधीन कम से कम 15 वर्ष तक सेवा की हो ।
(C) सदस्यों की लगभग आधी संख्या ऐसी होगी जिन्होंने भारत सरकार के अधीन कम से कम 10 वर्ष तक सेवा की हो ।
(D) सदस्यों की लगभग आधी संख्या ऐसी होगी जिन्होंने भारत सरकार के अधीन कम से कम 15 वर्ष तक सेवा की हो ।

**49.** आयोग के सदस्यों के खिलाफ जाँच करने की प्रक्रिया संविधान के किस अनुच्छेद में दी गई है ?

(A) 143 (B) 144
(C) 145 (D) 146

**50.** भारत के राष्ट्रपति किन कारणों से आयोग के सदस्यों को हटा सकते हैं

(A) जो अन्यत्र वैतनिक रोजगार में हों ।
(B) शारीरिक और मानसिक विकृति ।
(C) जिसे दिवालिया घोषित किया गया हो ।
(D) उपर्युक्त सभी ।

**Space for Rough Work**